24/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायार्ड के.टी. परनायक द्वारा आज राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, दोईमुख में "टूवर्ड्स ए मिलिट्री हिस्ट्री ऑफ़ नॉर्थ ईस्ट" शीर्षक पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के सैन्य इतिहास पर एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लिया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को समझने में संगोष्ठी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस क्षेत्र के प्रति ब्रिटिश और सशस्त्र बलों का दृष्टिकोण देश के बाकी हिस्सों में उनकी रणनीतियों से कैसे भिन्न था। उन्होंने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचाना और मानवाधिकारों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना शामिल है। राज्यपाल, जो राजीव गांधी विश्वविद्यालय के मुख्य रेक्टर भी हैं, ने इस महत्वपूर्ण सेमिनार के आयोजन के लिए कुलपति और उनकी टीम की सराहना की। उन्होंने छात्रों, शिक्षाविदों और भावी नेताओं को क्षेत्र के सैन्य इतिहास के बारे में शिक्षित करने में ऐसी पहलों की भूमिका को रेखांकित किया, जिससे वे सैन्य रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में सक्रिय कदम उठा सकें। इस सेमिनार में कुल 13 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए।

0000000000000000000

राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के अध्यक्ष आईएफएस रिटायर्ड डॉ. यू. प्रकाशन और राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश एन. थिरुमाली ने आज ईटानगर में मुख्य सचिव मनीष गुप्ता से मुलाकात की।

मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि, राज्य विकास के लिए एक संतुलित और टिकाऊ दृष्टिकोण के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय आकलन को मजबूत करने के लिए उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व की आवश्यकता है।

0000000000000000000

मणिपुर के इंफाल में गत 15 से 18 मार्च तक आयोजित आईआईएस सांगई कप 2025 में अरुणाचल की टीम ने 13 पदक जीते हैं जिनमें 3 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट पर टीम अरुणाचल को बधाई देते हुए पदक विजेताओं एवं प्रतिभागियों की लगन और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

0000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा है कि मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल योजना (CMAAY) परिवारों के लिए कैशलेस उपचार सुनिश्चित करती है, जिससे सभी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ हो रही है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से खबर साझा करते हुए, श्री मेन ने बताया कि लोअर सुबनसिरी के जीरो की श्रीमती रुबू याम नादा को CMAAY के माध्यम से बिना किसी वित्तीय तनाव के समय पर चिकित्सा सहायता मिली। उन्होंने कहा कि ऐसी कहानियाँ इस पहल के वास्तविक प्रभाव को उजागर करती हैं। इस बीच, उपमुख्यमंत्री ने सभी पात्र नागरिकों को CMAAY में नामांकन करने और अपने स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया है।

00000000000000000

तवांग जिले के क्यिडफेल स्थित गवर्मेंट सेकेंड्री स्कूल में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत पहला सेवा आपके द्वार 2.0 शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तवांग विधायक नामगे सेरिंग द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विधायक ने क्यिडफेल सर्कल के सरकारी स्कूलों के लिए स्मार्ट बोर्ड, खेल उपकरण एवं अन्य स्टेशनरी सामान वितरित किए। इस अवसर पर विधायक ने सेवा आपके द्वार शिविर शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनकी सरकार की सराहना की, जो दूरदराज के क्षेत्रों में ग्रामीणों के घरों तक आवश्यक सरकारी सेवाएं सुनिश्चित कर रहें हैं। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने ग्रामीणों को इस पहल से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वैयिंग मशीनें, बागवानी विभाग के अंतर्गत फलों की टोकरियाँ, सब्जियों के बीज और किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम का लाभ कुल 575 ग्रामीणों को मिला।

0000000000000000000

जिला स्वास्थ्य सोसाइटी, अपर सियांग द्वारा आज जिला अस्पताल यिंगकियोंग सहित कारको, पुगिंग, रामसिंग, सिमोंग, दालबिंग, आदी-पासी और पादु स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में **“येस, वी केन एंड टीबी कमिट, इंवेस्ट, डिलिवर”** थीम के साथ विश्व टीबी दिवस 2025 का आयोजन किया। ‘सेवा आपके द्वार’ की पृष्ठभूमि में, अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों द्वारा **टीबी हारेगा, देश जीतेगा** की शपथ भी ली गई।

एनटीईपी टीम और सीसी-टीआई ने दामरो में टीबी, एचआईवी और सिफलिस की निःशुल्क जांच भी की। जिला मुख्यालय यिंगकियोंग में कार्यक्रम का आयोजन जिला अस्पताल यिंगकियोंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में अपर सियांग जिला क्रिश्चियन फोरम के सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

0000000000000000000

अपर सियांग जिला प्रशासन द्वारा आज दामरो गांव में पहला सेवा आपके द्वार 2.0 आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घाटन अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग ने मारियांग जेडपीएम और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर, उपायुक्त ने बागवानी विभाग, यिंगकिओंग द्वारा कार्यान्वित मिशन इंटिग्रेटेड डेवेलोपमेंट 2024-25 के लाभार्थियों को स्व-चालित कृषि मशीनरी वितरित की। शिविर में दामरो, मारियांग और मिलांग गांवों के कुल 539 लोगों ने मौके पर 20 विभागों द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया।

000000000000000000